ब्रीफ न्यूज

सांची परिवार ने दुग्ध उत्पादक की बेटी की शादी में सौंपा मायरा

भोपाल, आरएनएन। एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा चलाई गई सांची भात (मायरा) योजना के अंतर्गत 26 नवम्बर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर जिला शाजापुर कैम्प शुजालपुर की महिला दुग्ध सहकारी समिति नयापुरा नांदनी में समिति की सदस्य, कृष्णा बाई राजपूत की बेटी पूजा की शादी समारोह मे सांची परिवार ने सांची मायरा सौंपा है। सौंपे गए थाल में 11-11 हजार रुपए नगद, उपहार स्वरूप साड़ियां, कपड़े, सांची गिफ्ट पेक, फल-श्रीफल व मिठाईयां शामिल हैं। राजेश विजयवर्गीय, महाप्रबंधक क्षेत्र संचालन एवं भाग्यश्री बजाज, प्रबंधक शादी समारोह में सांची मायरा का थाल सांची परिवार की तरफ से लेकर शामिल हुए। सांची भांत मायरा योजना का लाभ प्राप्त कर कृष्णा बाई तथा पारिवारिक सदस्यों के द्वारा भोपाल दुग्ध संघ द्वारा चलाई जा रही योजना का आत्मीय धन्यवाद दिया गया। उल्लेखनीय है कि सांची मायरा योजना का उद्देश्य यही है कि अपने दुग्ध समिति सदस्यों को उच्चतम क्रय दर के साथ उनके दुख एवं सुख में हमेशा साथ खड़े है, ताकि दुग्ध उत्पादक किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने देश के 3.65 लाख किसानों से किया संवाद

मुंबई, आरएनएन। भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने 03 से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित अपनी विशिष्ट ग्रामीण संवाद पहल, बड़ौदा किसान पखवाड़े के 8वें संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस पखवाड़े के दौरान, बैंक ने देश भर में 3.65 लाख से अधिक किसानों से संपर्क स्थापित किया तथा 5,636 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि ऋण मंजूर किए। इस वर्ष की थीम, आत्मनिर्भरता की ओर वित्तीय समावेशन के विस्तार और भारत के कृषक समुदाय के लिए सहयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। बैंक ने देश भर में किसान मेलों, बैठकों, चौपाल, क्रेडिट शिविरों और वित्तीय साक्षरता सत्रों सहित कई जमीनी स्तर की पहलों का आयोजन किया। इसके तहत, डिजिटल बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड आरबीआईएच के साथ इंटीग्रेशन और बैंक के डिजिटल ऋण देने वाले प्लेट फॉर्म पर डिजिटल गोल्ड लोन सहित बैंक की प्रमुख डिजिटल पेशकशों से भी किसानों को अवगत कराया गया। बैंक के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा बड़ौदा किसान पखवाड़ा का 8वां संस्करण किसानों को सुलभ, विश्वसनीय और त्वरित सेवाएं प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वरिष्ठ भाजपा नेता शैतान सिंह पाल को भ्रातृ शोक

भोपाल, आरएनएन। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के अग्रज नन्नूलाल पाल का गुरुवार को राजधानी में निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 11 बजे शाहपुरा स्थित शैतान सिंह पाल मार्केट से भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी। नन्नूलाल पाल, पूर्व पार्षद भारत सिंह पाल के बड़े भाई थे। वह अपने पीछे दो बेटे धर्मेंद्र सिंह पाल, जितेंद्र पाल और भतीजे शेर सिंह पाल, विनोद पाल, सत्यम पाल, शिवम पाल, सुंदरम पाल और सज्जन सिंह पाल को छोड़ गए हैं।

दो लाख के जेवर चुरा ले गए

भोपाल। शाजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सैफिया कॉलेज रोड पर एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर नगदी व जेवरात समेत दो लाख से अधिक का सामान चुरा ले गए। आरोपी पीछे की खिड़की से सूने घर में घुसे थे। पुलिस के मुताबिक ओल्ड सैफिया कॉलेज रोड निवासी अजीजा खान (50) विगत 15 नवंबर को दोपहर तीन बजे से चार बजे के बीच अपने घर से बहन के घर इतवारा गई थीं। सोमवार 17 नवंबर की रात साढ़े 9 बजे वह अपने घर लौटीं तो घर के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। जब वह अंदर गईं तो देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा मिला। पीछे की खिड़की खुली थी। सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर अलमारी के लॉकर में रखे दो ताला सोने व 200 ग्राम चांदी के जेवरात व आर्टिफिशल ज्वैलरी और नगदी समेत दो लाख से अधिक का मशरूका चुरा ले गए।

▶ रविंद्र भवन में विश्व रंग का आगाज, राज्यपाल ने किया संबोधित

परंपरा और आधुनिक विचारधारा का सांस्कृतिक सेतु है 'विश्व रंग'

सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रही शोभायात्रा, नृत्य-नाटिका कृष्णा ने किया मंत्रमुग्ध

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

विश्व रंग भारतीय परंपरा और आधुनिक विचारधारा के बीच एक जीवंत सांस्कृतिक सेतु है, जो समाज की नैतिक दिशा तय करने वाली शक्ति के रूप में उभरता है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अंतरराष्ट्रीय साहित्य-कला महोत्सव 'विश्वरंग 2025' के सातवें संस्करण के शुभारंभ अवसर पर गुरुवार को रविन्द्र भवन में आयोजित भव्य समारोह में कही। इस अवसर पर विश्व रंग के महानिदेशक एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि 'विश्व रंग केवल साहित्य-कला का महोत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास, बहुभाषिकता और वैश्विक सौहार्द का ऊर्जावान मंच है। कार्यक्रम में एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, सह-निदेशक विश्वरंग डॉ. अदिति वत्स चतुर्वेदी सहित देश-विदेश से आए साहित्यकार, विद्वान और कला-संस्कृति प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संवेदनाओं, परंपरा और वैश्विक दृष्टि पर चर्चा : उद्घाटन मंच पर मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि भारतीय साहित्य विश्व समुदाय को मानवीय संवेदना और सांस्कृतिक संतुलन का अद्भुत दृष्टिकोण प्रदान करता है। सह-निदेशक डॉ. अदिति वत्स चतुर्वेदी ने 'मानद अलंकरण' की संकल्पना को भारतीय भाषाओं की वैश्विक महत्ता से जोड़ते हुए बताया कि यह सम्मान रचनाकारों के योगदान के साथ-साथ भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकता का उत्सव भी है।

छह रचकाकारों को मिला विश्वरंग मानद अलंकरण

समारोह में विश्वरंग हिंदी रिपोर्ट,विश्वरंजन क्लॉज का लोकार्पण, डाक विभाग द्वारा विशेष अलंकरण का विमोचन हुआ। इस अवसर पर ममता कालिया, हरीश मीनाश्रु, चन्द्रभान ख्याल, एच.एन शिवप्रकाश, लक्ष्मण गायकवाड़ और परेश नरेन्द्र कामत को 'विश्वरंग मानद अलंकरण' से सम्मानित किया गया।

शोभायात्रा के साथ रंगारंग शुभारंभ

उद्घाटन शोभायात्रा में विभिन्न राज्यों और विदेशी संस्कृतियों के प्रतिनिधि दलों की पारंपरिक वेशभूषा और लोकधुन आकर्षण का केंद्र रहीं। उद्घाटन दिवस की मुख्य प्रस्तुति के रूप में श्रीराम भारतीय कला केंद्र की प्रसिद्ध नृत्य-नाटिका 'कृष्णा' ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पद्मश्री शोभा दीपक सिंह द्वारा निर्देशित यह 48वां संस्करण कृष्ण जन्म से लेकर महाभारत तक की लीलाओं को भारतीय नृत्य शैलियों मयूरभंज छऊ, कलारीपयट्टू और अभिनव रंग-भाषा के माध्यम से मंच पर जीवंत हुआ।

विरासत और विविधता का संगम नजर आया

रवीन्द्र भवन परिसर में सजी असम हैंडलूम, मणिपुर फेस्टिवल, पारंपरिक ज्वेलरी, विभिन्न राज्यों के लोकपरिधान, भारतीय ज्ञान-परंपरा प्रदर्शनी और गिरमिटिया इतिहास से प्रदर्शनियां एक समृद्ध सांस्कृतिक महत्व पर पर केंद्रित हैं।

राजा भोज एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग अब आसान होगी

सीएटी-2 इंस्ट्रूमेंट लैंडिग सिस्टम अपग्रेड

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

भले ही भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से अभी तक दुबई एवं शारजहां के अलावा सिंगापुर की उड़ानों का रास्ता साफ नहीं हो सका है, और अनेक शहरों के लिए लगातार नई उड़ानों की मांग की जा रही है, लेकिन एयरपोर्ट पर विमानों के टेकआफ एवं लैंडिंग की उस हर सुविधा का समावेश किया जा रहा है, जिसके बाद से यह किसी भी इंटरनेशनल उड़ान के लिए पूरी तरह से फिट है। एयरपोर्ट वैसे तो 500 मीटर दृश्यता जरूरी होती है, लेकिन यहां सीएटी-2 इंस्ट्रूमेंट लैंडिग सिस्टम अपग्रेड किए जाने के बाद अब 350 मीटर की दृश्यता से भी किसी भी तरह के फ्लाइट की लैंडिंग अब आसान हो सकेगी।

इसका शुभारंभ एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी एवं सीआईएसएफ के कमांडेंट अतुल भानोतरा की विशेष उपस्थिति में किया गया और यह दिन एक तरह से एयरपोर्ट के लिए इतिहास बन गया है, क्योंकि इस तरह का सिस्टम वर्तमान में देश में केवल दो एयरपोर्ट अमृतसर एवं कलकता में ही है जबकि भोपाल एयरपोर्ट मध्यभारत का ऐसा पहला एयरपोर्ट बन गया है, जहां यह सिस्टम स्थापित किया गया है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसमें कम रोशनी में भी पायलट को हवाई पट्टी आसानी से दिखाई देगी और उसे विमान को कहीं अन्य डायवर्ट करने की आवश्यकता नहीं होगी।



क्या है नया सिस्टम

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार राजा भोज एयरपोर्ट पर नया और अपग्रेडेड सीएटी-2 इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम कमीशन कर दिया गया है। अब एयरपोर्ट पर 350 तक की विजिबिलिटी में भी हवाई जहाज को सुरक्षित लैण्ड और टेक आफ कराया जा सकेगा। अभी तक यह सीमा 500 किलो मीटर है। यह सिस्टम लांच करने वाला भोपाल मध्य का पहला एयरपोर्ट हो गया है। डायरेक्टर के अनुसार यह अपग्रेड में टचडाउन जोन लाइटस और रनवे सेंटर लाइन लाइटिंग जैसी उन्नति सुविधाएं इसमें शामिल हैं।

सिंधी साहित्य की विधाओं पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

प्रो. ताराचंदानी ने बताया 'महत्वपूर्ण उपलब्धि'

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

सेवा सदन महाविद्यालय, उल्हासनगर में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सिंधी साहित्य की सभी विधाओं काव्य, कहानी, उपन्यास, यात्रा-संस्मरण, गजल, आलोचना से लेकर जीवनी और साक्षात्कार पर शोध प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता प्रो. नामदेव ताराचंदानी ने कहा कि अनेक उपेक्षित विधाओं को पहली बार समान महत्व देने वाला यह

आयोजन सभी संगोष्ठियों का सार है। उद्घाटन में मुंबई के राम जवहरानी, महेश सुखरामानी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार और अध्यापक उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संयोजन प्रो. संध्या चंदनानी और रेणुका शेवकानी ने किया।

मनवानी के शोध-पत्र को मिली सराहना

प्रस्तुत शोध-पत्रों में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक मनवानी का शोध-पत्र का विशेष सराहना मिली, जो सिंधी फिक्शन की समकालीन प्रवृत्तियों और कथ्य-शिल्प के विकास पर केंद्रित था। मनवानी लंबे समय से सिंधी कथा साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उनके शोध-पत्र को संगोष्ठी के विद्वत वर्ग ने सिंधी कथाकारों के लिए मार्गदर्शक विश्लेषण बताया। कार्यक्रम में प्रो. बलदेव मतलानी, रोमा जयसिंघानी, जगदीश लछ्छानी, डॉ. हासो दादलानी, मेनका शिवदासानी, विनोद आसुदानी सहित कई शोधकर्ताओं ने शोध प्रस्तुत किए। समापन सत्र में कवि सम्मेलन हुआ, जिसकी अध्यक्षता नारी लछ्छवानी ने की।

एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का अभियान

सांसद आलोक शर्मा को मध्य और उत्तर विधानसभाओं की मिली जिम्मेदारी

● भोपाल / आरएनएन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद आलोक शर्मा ने गुरुवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र के अरेरा एवं शाहपुरा मंडल में पहुंचकर एसआईआर से संबंधित कार्य की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। बैठक को जिलाध्यक्ष, रविन्द्र यति एवं पूर्व विधायक, ध्रुवनारायण सिंह ने भी संबोधित किया। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि एसआईआर केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला जन-अभियान है। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करना होगा। यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि मात्र 6 दिन ही बचे है इसलिए कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जाए। बैठक में बूथ अध्यक्ष हरिओम पंवार ने सांसद से शिकायत की कि बीएलओ की सुस्ती से एसआईआर की गति धीमी पड़ रही है। जिस पर शर्मा ने तत्काल एसडीएम से फोन पर चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया की गति बढ़ाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। बैठक में पूर्व सांसद आलोक संजर भी मौजूद रहे।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड — Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय: युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
सागर शाखा: प्रथम मंजिल, सखी बाबा मैट्रिक्स, मकरोनिया रोड, सागर - 470004 (मध्य प्रदेश)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधारण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो) /जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1.	(लोन कोड नं. 02310000002 / सागर शाखा) मंजू लाडिया (ऋणी), चिंतामन अहिरवार (सह-ऋणी)	08-08-2024 एवं ₹ 7,96,554/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नंबर 17, वार्ड नंबर 07, महात्मा गाँधी, पथरिया दमोह - 470666 मध्य प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - फूलरानी अहिरवार का मकान, पश्चिम - चिंतामन अहिरवार का प्लॉट, उत्तर - मंजू लड़िया का प्लॉट, दक्षिण - सी. सी रोड	Rs. 11,56,176/-	Rs. 1,15,618/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **17-12-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **18-12-2025 दोपहर : 03:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊम्पर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्रफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **लोकेन्द्र राठौर, (संपर्क नंबर 9977783890)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल / एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : मध्यप्रदेश
दिनांक : 28.11.2025

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Bhopal Sahakari Dugdh Sangh Maryadit (BSDS) — सांची Sanchi — शुद्धता का संकल्प

Habibganj Bhopal-462024
Tel: 0755-2457017 Email – pur.bds@sanchidairy.com
Website : www.sanchidairy.com
INVITATION FOR BIDS (IFB) / LOCAL COMPETITIVE BIDDING (LCB)

Bids are invited from eligible bidders for the works listed below:

Sl. No.	Description of works/ Bid Reference	EMD (Rs.)	Bid Submission Start / End Date & time	Technical Bid opening Date & time
1.	Supply, installation, testing & commissioning of Printers, Printer Cartridge, Projector and Backup Drive storage at BSDS, Bhopal. Ref. BSDS/PUR/ICT/2025/09	5000/-	28/11/2025, 11:00 hrs. 04/12/2025, 13:00 hrs.	05/12/2025, 14:00 hrs.

For further details pertaining to IFB and for downloading the bid document, please visit website https://www.mptenders.gov.in and www.sanchidairy.com (only for reference). For any clarification please contact In Charge (Purchase), BSDS, BHOPAL, M.P.
The Chief executive officer, Bhopal Sahakari Dugdh Sangh Maryadit(BSDS) has all the rights to accept or reject any or all the bids.
NB: Any corrigendum/modification etc. will be posted only website https://www.mptenders.gov.in.

Chief Executive Officer

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड — HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
शाखा कार्यालय- 295, तीसरी मंजिल, गुलाटी टावर, जबलपुर हॉस्पिटल रोड, नेपियर टाउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482001
Email - auction@hindujahousingfinance.com

Date of Inspection of Property 01.12.2025 - 10.12.2025 between 11 AM to 2 PM
EMD Last date 12.12.2025 between 10 AM to 5PM.
Date / Time of Auction 15.12.2025 between 11 AM to 1PM.

निजी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना
वित्तीय प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचएचएफएल को सौंपी गई अचल (सुरक्षित) संपत्तियों की बिक्री संपत्ति एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम)।

ऋण खाता संख्या और ऋणी का नाम सहऋणी-/गारंटर	माँग सूचना धारा 13(2) दिनांक एवं राशि / भौतिक कब्जा तिथि	अचल एंव सुरक्षित संपति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रू. में)
Loan Account No. MP-BPL-BOPL-A000000791 श्री मुकुंद भास्कर ताम्हणकर श्रीमती सावित्री देवी	23-12-2024 / Rs. 33,23,654/- / 28-04-2025	फ्लैट संख्या बी1 एचआईजी-04, बी-ब्लॉक (ब्लॉक-II) में ऊपरी भूतल प्रकार, सागर लैंडमार्क, खसरा संख्या 91/2, 112/1/2, 113/2, 114/2, 116/2, 124/2/1, 124/2/3, 125 खंभा का हिस्सा, पटवार हल्का नंबर 21, गांव दामखेड़ा बायपास रोड, नगर निगम वार्ड नंबर 74 के अंतर्गत, तहसील - हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), भोपाल, अर्धनगरीय, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत - 462026 कुल क्षेत्रफल 94 वर्ग मीटर सीमाएं:- पूर्व: - कॉरिडोर और फ्लैट संख्या 05 प्रकार बीएल, पश्चिम: - खुला, उत्तर: - खुला, दक्षिण: - फ्लैट संख्या 03 प्रकार बी1	Rs. 36,50,000/- / Rs. 3,65,000/-

एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की अनुसूची संपत्ति का कब्जा ले लिया है। बड़े पैमाने पर जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध है, एचएचएफएल को ''जैसा है जहां है के आधार पर '' और ''जैसा है जो है के आधार पर'' के बकाए की वसूली के लिए सहमत शर्तों के अनुसार। निजी संधि के माध्यम से संपत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम और शर्तें इस प्रकार हैं -1. निजी संधि के माध्यम से बिक्री ''जैसा है जहां है के आधार पर'' और ''जैसा है जो है के आधार पर'' होगी। 2. क्रेता को निजी संधि में भाग लेने के लिए 12/12/2025 से पहले बोली राशि का 10% भुगतान करना होगा 3. क्रेता को एचएचएफएल की स्वीकृति की प्राप्ति के अगले कार्य दिवस पर बिक्री प्रतिफल का 25% जमा करना होगा संपत्ति खरीदने का प्रस्ताव और उसके बाद 15 दिनों के भीतर शेष राशि। 4. ईएमडी में भुगतान की गई क्रेता राशि यानी 10% को उपरोक्त खंड (2) के अनुसार जमा राशि के 25% के कुल भुगतान में समायोजित किया जाएगा। 5. उपरोक्त खंड (2) के तहत आवश्यक राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर आवेदन के साथ भुगतान की गई राशि का 10% सहित पहले से भुगतान की गई राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. एचएचएफएल द्वारा खरीद के प्रस्ताव को स्वीकार न करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई 10% राशि बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी। 7. संपत्ति एचएचएफएल को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 8. क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी संधि के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए। क्रेता इस संबंध में बाद की तारीख में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता के विरुद्ध कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा। 9. एचएचएफएल बिना कोई कारण बताए खरीद के किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 10. खरीदार को संपत्ति की खरीद के संबंध में सभी स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य खर्चे, कर, शुल्क वहन करना होगा। 11. बिक्री सरफेसी अधिनियमधनियम के प्रावधानों के अनुसार होगी। 12. और जबकि सुरक्षित ऋणदाता - हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त सुरक्षित संपत्ति का निपटान करने का निर्णय लिया है। बिक्री का यह नोटिस आज प्रकाशित किया गया है कि ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्ति 15/12/2025 को **Hinduja Housing Finance Limited, Branch Office: Hinduja Housing Limited- 101-B, Business Park, NRK Near Mangal City, Vijay Nagar Indore - 450210** में बेची जाएगी। अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी, **Rajesh Chakotiya-8435571111, Vaibhav Shrivastava-9755225338, Sameer Singh - 95842 90575**

Date- 28.11.2025 — **Authorised Officer**

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड — GRIHUM HOUSING FINANCE

पंजीकृत कार्यालयः छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा टूटो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः ग्राउण्ड फ्लोर, बंसी टॉवर, रानी सती मार्ग, कोटा रोड, आगर-465441

ई-नीलामी-बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार ''प्रतिभूत लेनदार'' कहा जाएगा) के पास बंधक रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिनका कब्जा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचना के अनुसार नियम।

प्रतिभूत आस्तियां ''जैसी हैं वैसी'' पर बेची जाएंगी। ''जहां है'', ''जैसा है वैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 29-12-2025 को ई-नीलामी के माध्यम से। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक संचालन करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com में दिए गए लिंक को देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	ऋण संख्या एचएल006 100000000050444 23 मांगीलाल रघनाथ सिंह (उधारकर्ता) मंगू बाई मांगीलाल (सह-उधारकर्ता)	नोटिस दिनांकः 10-03-2025 बकायाः रु. 717559/- (सात लाख सत्रह हजार पाँच सौ उनसठ रुपये मात्र) 10-03-2025 तक देय, साथ ही वसूली तक 16.60% प्रति वर्ष ब्याज भी।	भौतिक	सर्व क्रमांक 53/1/2, पटवारी हल्का नंबर 40, गांव गवाड़ी तहसील जीरापुर और जिला राजगढ़ पर प्लॉट/मकान के वह समस्त अंथ एवं भाग, जिसका माप 4140 वर्ग फीट है। प्लॉट की सीमाएंः- पूर्व में- देवीलाल का मकान, पश्चिम में- सड़क, उत्तर में- अंतर सिंह की जमीन, दक्षिण में- सागर की जमीन।	रु. 1269800/- (बारह लाख उनसठ हजार आठ सौ रुपये केवल)	रु. 126980/- (एक लाख छब्बीस हजार नौ सौ अस्सी रुपये मात्र)	27/12/2025 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	23/12/2025 (सुबह 11 बजे से शाम 4 ब